रजिस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 81] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 21, 2003/फाल्गुन 2, 1924

No. 81] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 21, 2003/PHALGUNA 2, 1924

महानिदेशक रक्षोपाय का कार्यालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 जनवरी, 2003

विषय : भारत में वनस्पति तेलों खाद्य श्रेणी के आयातों के संबंध में रक्षोपाय जांच-अंतिम निष्कर्ष।

सा.का.नि. 116(अ).—सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और उसकी सीमा शुल्क टैरिफ (सुरक्षा शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियम, 1997 के अधीन।

क. प्रक्रिया

भारत में वनस्पति तेलों खाद्य श्रेणी के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच को आरम्भ करने का नोटिस दिनांक 27.5.2002 को जारी किया गया था और भारत के राजपत्र, असाधारण में दिनांक 13.6.2002 को प्रकाशित किया गया था ।

द साल्वेंट एक्सर्टैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, मुंबई एस.ई.ए.आई. द्वारा दिए गए आवेदन के साथ नोटिस की एक प्रति और प्रश्नावली आवेदकों, निर्यातकों, निर्यातक सरकारों वनस्पति तेलों खाद्य श्रेणी के विदेशी/घरेलू उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाली एसासिएशनों सहित सभी ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को भेजी गई थी । उन्हें 12 जुलाई, 2002 तक अपना उत्तर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था । कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अपने उत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था । उनके अनुरोध और सांविधिक अवधि के भीतर जांच पूरी करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अपेक्षित समय वद्वि प्रदान की गई थी और पक्षकारों को यह सूचना दी गई थी कि वह सार्वजनिक सुनवाई के समय भी अपने-अपने विचारों से अवगत करा सकते हैं ।

दिनांक 27.5.2002 के नोटिस और प्रश्नावली के उत्तर निम्नलिखित पक्षकारों से प्राप्त हुए थे:-

1. धारा वेजिटेबल ऑयल एंड फुड्स कम्पनी लि0, वदोदरा ।
2. फेडरेशन आफ आयलसीडस को-ओपरेटिव्स एंड ग्रोवर्स ऑफ इंडिया, बंगलौर एफईसीओजी ।

3. मेहसाणा रीजनल टेलिबिया उत्पादक सहकारी संघ लि0, जागुदान–382710.
4. साल्वेंट एक्सट्रैक्टस एसोसिएशन आफ पंजाब, अमृतसर।
5. आल इंडिया आयल्स एंड सीड्स फारेन ट्रेड एसोसिएशन, कलकत्ता।
6. रूचि वर्ल्डवाइड लि0, नई दिल्ली।
7. मध्य प्रदेश ग्लाइकेम इंडस्ट्रीज लि0, इंदौर।
8. सेथिया आयल इंडस्ट्रीज लि0, कलकत्ता।
9. आल इंडिया काटनसीड क्रशर्स एसोसिएशन, मुंबई।
10. दि गुजरात आयलसीड्स एंड एक्सट्रैक्शन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, राजकोट।
11. ईस्टर्न इंडिया आयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड एसोसिएशन कलकत्ता।
12. एम.पी. स्टेट को—आपरेटिव आयल सीड ग्रोवर्स फेडरेशन लि0, भोपाल।
13. एल.एस.पी. एग्रो लि0, सलेम।
14. इंडियन वनस्पति प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली।
15. राजस्थान स्टेट को–आपरेटिव आयलसीड ग्रोवर्स फेडरेशन लि0 जयपुर।
16. कलीसुआरी रिफाइनरी प्राइवेट लि0, चेन्नई।
17. झारखंड वनस्पति एंड आयल मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन, धनबाद।
18. आन्ध्र प्रदेश राइस ब्रान साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन, विजयवाड़ा।
19. महावीर वनस्पति कम्पनी, लुधियाना।
20. किसान फैट्स लि0, फिरोजपुर (पंजाब)।
21. भटिंडा कैमिकल्स लि0,, भटिंडा।
22. भगवती रिफाइनरीज प्रा0 लि0, पचोरा–424201.
23. आनन्द मोहाटा एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा0 लि0, नागपुर।
24. धर्मसी एंड धर्मसी आयल इंडस्ट्रीज प्रा0 लि0, जलगांव।
25. एस.के. आयल इंडस्ट्रीज, जलगांव।
26. कोहिनूर फीड्स एंड फैट्स लि0, नांदेड़।
27. प्रकाश सोया लि0, इंदौर।
28. प्रकाश सोलवैक्स, इंदौर।
29. डिपार्टमेंट पेरिइंडस्ट्रियान डान पेरडागंगान, जकार्ता (इंडोनेशिया) ।
30. सुरूहन जाया टिंग्गी मलेशिया, नई दिल्ली, (मलेशिया उच्चायोग)।
31. द सोयाबीन प्रोसैसर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, इंदौर।
32. साईं स्मरण आयल रिफाइनरी लि0, नांदेड़।
33. ए0 बी.आई.ओ.वी.ई., ब्राजील।
34. राधेकृष्ण एक्सट्रैक्शन्स लि0 सांगली (महाराष्ट्र)।
35. इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ सीड क्रशर्स (आईए.एस.सी) यू.के.।
36. सी.आई.ए.आर.ए. अर्जेन्टीना।
37. गवर्नमेंट आफ़ रूमानिया।
38. गवर्नमेंट आफ अर्जेन्टीना।
39. मानव कल्याण समिति, ऐटा (यू.पी.)।
40. साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, मुंबई।

41. शिवानी ऑयल मिल्स, सांगली।
42. गवर्नमेंट आफ ब्राजील।
43. नेशनल आयल सीड्स प्रोसेसर्स एसोसिएशन, यू.एस.ए.(एन.ओ.पी.ए)।
44. मनटोरा एग्रो इंडस्ट्रीज लि0, कानपुर।
45. द वनस्पति मैन्युफैक्चर्सर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, नई दिल्ली।
46. कनाडियन आयलसीड प्रोसेर्स एसोसिएशन, कनाडा।
47. तमिलनाडु एंड पांडिचेरी साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन, त्रिची।
48. गुजरात आयल रिफाइनर्स एसोसिएशन, अहमदाबाद।
49. आन्ध्र प्रदेश आयल मिलर्स एसोसिएशन लि0, हैदराबाद।
50. बाम्बे कामोडिटी एक्सचेंज लि0, मुंबई।
51. रीजनल आयलसीड्स ग्रोवर्स को आपरेटिव यूनियन लि0, भरतपुर।
52. द कुरनूल आयल मिलर्स एसोसिएशन, कुरनूल (ए.पी.)।
53. वर्ल्डवाइड कामोडिटीज ट्रेडिंग प्रा0 लि0, मुंबई।
54. इंडियन वेजिटेबल आयल प्रोसेसर्स एसोसिएशन, मुंबई।
55. एस.एस.डी. रिफाइनरी प्रा.0 लि0, जालना।
56. अर्जुन काटन एंड स्पिनिंग मिल्स लि0, धानोर।
57. सिद्धगंगा आयल एक्सट्रैक्शन्स लि0, राजकोट।
58. रविप्रकाश रिफाइनरीज प्रा0 लि0, कर्नाटक।
59. इलाइट ट्रेडैक्स प्रा0 लि0, पुणे।
60. पातुम वेजिटेबल्स आयल क0 लि0 बैंकाक, थाईलैंड।
61. दयाल एग्रो प्रोडैक्ट्स लि0, अकोला।
62. विलमर एडिबल आयल एस.डी.एन.बी.एच.डी., पेनाग, मलेशिया।
63. ब्रांडेड एडिबल आयल्स मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन, मुंबई।
64. गवर्नमेंट आफ कनाडा।

जांच के लिए आवश्यक समझी गई सूचना का सत्यापन मै0 प्रिमियर इंडस्ट्रीज लि0, देवास और मै0 विप्पी इंडस्ट्रीज लि0 देवास के परिसरों में किया गया था। जांच का परिणाम आवेदक को भेज दिया गया था और जांच रिपोर्ट की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी रखी गई थी।

सभी हितबद्ध पक्षकारों की सार्वजनिक सुनवाई दिनांक 25.11.2002 को की गई थी जिसका नोटिस दिनांक 21.10.2002 को भेजा गया था। सार्वजनिक सुनवाई के दौरान हितबद्ध पक्षकारों से अपने मौखिक तर्कों का दिनांक 2.12.2002 तक लिखित निवेदन प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध किया गया था। यह भी अनुरोध किया गया था कि अन्य पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों की प्रतियां दिनांक 3.12.2002 को प्राप्त कर लें तथा यदि कोई खंडन प्रस्तुत करने हों तो दिनांक 13.12.2002 तक प्रस्तुत कर दें।

निम्नलिखित पक्षकारों ने सार्वजनिक सुनवाई में भाग लिया:—

1. द साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, मुबई*
2. धारा वेजिटेबल आयल एंड फूड्स कम्पनी लि0, वदोदरा।
3. इंडियन वनस्पति प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली।
4. ए.बी.आई, ओ.वी.ई., ब्राजील।*
5. सी.आई.ए.आर.ए., अर्जेन्टीना।*
6. गवर्नमेंट आफ रूमानिया।**
7. गवर्नमेंट आफ अजेन्टीना।**
8. गवर्नमेंट आफ यू.एस.ए.।**
9. गवर्नमेंट आफ इंडोनेशिया।**
10. गवर्नमेंट आफ मलेशिया।**
11. गवर्नमेंट आफ ब्राजील।**
12. नेशनल आयल सीड्स प्रोसेर्स एसोसिएशन, यू.एस.ए.।*
13. द वनस्पति मैन्यूफैक्चर्रस एसोसिएशन आफ इंडिया, न्यू दिल्ली।
14. गवर्नमेंट आफ कनाडा।**
15. इंडियन वेजिटेबल आयल प्रोसेसर्स एसोसिएशन, मुंबई*
16. डेलिगेशन आफ यूरोपियन यूनियन इन इंडिया, नई दिल्ली।
17. मलेशियन पाम आयल प्रोमोशन काउंसल, नई दिल्ली।
18. मिनिस्ट्री आफ प्राइमरी इंडस्ट्रीज, मलेशिया।
19. उत्तरांचल साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन, रूद्रपुर।
20. साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ पंजाब, अमृतसर।
21. सैन्ट्रल आर्गेनाइजेशन फार आयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड, नई दिल्ली।
22. रीजनल आयल सीड्स ग्रोवर्स को.आपरेटिव यूनियन, भरपुर।

* काउंसल के माध्यम से।

** नई दिल्ली में अपने दूतावासों/ उच्चायोगों के माध्यम से।

ख. <u>आवेदकों (एस.ई.ए.आई.) के विचार</u>

उन्होंने मुख्य रूप से निम्न वक्तव्य दिया है:–

(i) खाद्य श्रेणी के वनस्पति तेलों में सोयाबीन का तेल, मूंगफली का तेल, खजूर का तेल, पामोलिन और खजूर की गुठली का तेल, सूरजमुखी का तेल, कर्दी/सूरजमुखी तेल, नारियल गिरी का तेल, रेपसीड तेल (सरसों), चावल ब्रान तेल, तिल का तेल, सलसीड तेल, कोकुम बीज तेल और खाद्य श्रेणी के अन्य तेल शामिल हैं। इसमें

हाइड्रोजिनेटिड अथवा वनस्पति तेलों को छोड़कर कच्चे और शोधित दोनों प्रकार के तेल शामिल हैं ।

II भारत में वनस्पति तेल के उत्पादकों में 15000 से अधिक तेल मिलें, 600 साल्वेंट एक्सट्रैक्शन चूनिटें और 400 शोधन यूनिटें शामिल हैं । 16000 यूनिटों से यूनिट-आर आंकडे एकत्र करना अत्यंन कठिन कार्य होगा । चूकि यूनिटों की संख्या बहुत अधिक है इसलिए आवेदन एस.ई.ए.आई. द्वारा समग्र भारतीय वनस्पति तेल उद्योग की ओर से किया गया है । निर्धारित वनस्पति तेल जो दबाव के जरिए निकाला जाता है वह कच्चा समझा जाता है, यदि निस्तरण, अपकेन्द्रीकरण, निस्यन्दन प्रक्रिया के अलावा किसी अन्य प्रक्रिया से नहीं नहीं निकाला है, बशर्ते कि तेल को ठोस कणों से अलग करने के लिए किसी भी निस्यन्दन प्रक्रिया, प्रभाजन अथवा अन्य किसी भौतिक अथवा केमिकल प्रक्रिया को छोड़कर यांत्रिक शक्ति जैसे कि घनत्व, दबाव अथवा अपकेन्द्रित शक्ति का ही प्रयोग किया गया हो । यदि निष्कर्ष के द्वारा तेल निकाला गया है तो तेल को कच्चा समझा जाना चाहिए बशर्ते कि दबाव के जरिए निकले गए तेल की तुलना में इसका रंग, खुशबु और स्वाद को बदला न जाए । वनस्पति तेल की तुलना में इसका रंग, निस्यन्दन करके, विरंजीकरण से, विअमलीकरण से अथवा निर्गन्धीकरण प्रक्रियाओं से परिशुद्व अथवा शुद्व किया जाता है ।

(iii) खाद्य श्रेणी के वनस्पति तेलों का प्रयोग खाना पकाने के लिए, सलाद सजाने के लिए और अनेकों खाद्य पदार्थ जैसे कि मारगरीन, पथ्य अनुपूरक इत्यादि बनाने के लिए किया जाता है। विशिष्ट तेल को कुछ विशेष खाना बनाने की विधियों में प्राथमिकता दी जा सकती है। यद्यपि विभिन्न वनस्पति तेलों को आपस में एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है । अलग–अलग परिवारों के स्वाद और अन्य प्राथमिकताओं के आधार पर विभिन्न परिवारों में लगभग पाक क्रिया में अथवा एक समान विधि में विभिन्न तेलों का प्रयोग किया जा सकता है। किसी भारतीय परिवार में प्रयोग किए जाने में उसकी कीमत पर विचार किया जाना भी प्रमुख घटक है।

(iv) वनस्पति तेलों पर आयात शुल्क ढांचे का वर्गीकरण कुछ मदों के लिए नियत टैरिफ मूल्य, कुछ तेलों पर टैरिफ रेट कोटा, संबंधित छूट अधिूसचना, यदि कोई हो, के साथ पठित तेलों की सभी श्रेणियों से संबंधित सीमा शुल्क टैरिफ, डब्ल्यू.टी.ओ. प्रति वचनबद्ध बाध्य दरों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिबंधों द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त भारत ने भी कुछ किस्म के तेलों पर टैरिफ को बाध्यकारी बनाते हुए डब्ल्यू.टी.ओ. के लिए वचनबद्धताएं की हैं। सरकार ने भी खजूर के कच्चे तेल, आर.बी.डी.पाम, आर.बी. डी.पामोलिन और कच्चे खजूर आलयिन पर सीमाशुल्क टैरिफ लगाने के प्रयोजनार्थ टैरिफ मूल्य निर्धारित किए हैं।

(v) बल्क में आयातित शोधित तेल की पैकिंग करने वालों को टेंकरों में बेचा जा रहा है। वे उपभोक्ताओं को बेचने के लिए 15 कि.ग्रा. के टिन, 5 कि.ग्रा. के टिन, 5 कि.ग्रा. के जार, 1–2 कि.ग्रा. के पाउच में पैकिंग करते हैं। आयातित कच्चे तेल को पहले स्थानीय शोधनशाओं द्वारा शुद्ध किया जाता है। वह उपभोक्ताओं के लिए या तो पैक करते हैं अथवा आगे और छोटी पैकिंग के लिए पैकरों को बेच देते हैं। कच्चे तेल जैसे सी.पी.ओ. गोंदरहित सोयाबीन तेल आदि को वनस्पति (हाइड्रोजिनेटेड तेल) बनाने के लिए वनस्पति विनिर्माताओं द्वारा भी खरीदा जाता है।

(vi) एस.ई.ए.आई के पास एक व्यापक डाटाबैंक है जिसे कई दशकों से विकसित किया गया है। एस.ई.ए.आई के डाटाबैंक में खाद्य श्रेणी के वनस्पति तेल शामिल हैं। एस.ई.ए.आई अपने डाटाबैंक से आवधिक रूप से आंकड़े भी प्रकाशित करता है। इस आवेदन में एस.ई.ए.आई के डाटाबैंक में उपलब्ध आंकड़ों के अतिरिक्त डी.जी.सी.आई. एस के आंकड़ों, आयल वर्ल्ड अनुअल:2001 जैसी अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पत्रिकाओं में प्रकाशित आंकड़ों, सांख्यिकी एवं आर्थिक निदेशालय, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़ों आदि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत आंकड़ों में जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, वर्ष का अभिप्राय 'तेल–वर्ष' से है जो नवम्बर से अक्तूबर तक होता है।

(vii) खाद्य तेलों का आयात तेल वर्ष 1992–93 में केवल 2.00 लाख मी.ट. से अत्यधिक बढ़कर तेल वर्ष 2000–01 में 48.3 लाख मी.ट. हो गया है। पिछले तीन वर्षों की वृद्धि सर्वाधिक 132 प्रतिशत है। तेल वर्ष 1999–2000 के दौरान केवल 6733.13 करोड़ रू0 के खाद्य तेलों का आयात किया गया था। यह तेल वर्ष 2000–2001 में बढ़कर 7012.89 करोड़ रू0 का हो गया। प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशन ' आयल वर्ल्ड मैनुअल, : 2001 ' में भारत में आयातित तेलों में वर्ष 1996 और 2000 के बीच अर्थात् 15.14 लाख मी.टन से 49.20 लाख मी.टन तक की 3.5 गुणा वृद्धि दर्ज की गई।

(viii) वर्ष 1992–93 में बाजार में वनस्पति तेल की मात्रा 70.1 लाख मी.टन थी। अन्तिम दशक में बाजार में तेल की मात्रा निरन्तर बढ़कर वर्ष 1998–99 में 113.0 लाख मी.टन पर पहुंच गई। तत्पश्चात् यह मात्रा कुछ घटकर 1999–00 में 108.2 लाख मी. टन और वर्ष 2000–01 में पुनः कम होकर 106.4 लाख मी.टन रह गयी। दूसरी ओर, वनस्पति तेलों का घरेलू उत्पादन 1992–93 में 68.1 लाख मी.टन से कम होकर 2000–01 में 58.1 लाख मी.टन रह गया जिसमें 10 लाख मी.टन (15 प्रतिशत) की गिरावट आई। बाजार की समग्र मात्रा में 1992–93 और 2000–01 के बीच 36.4 लाख मी.टन. अर्थात् लगभग 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विस्तृत होते हुए ऐसे बाजार में घरेलू उत्पादन का हिस्सा निरपेक्ष रूप से कम हुआ है। घरेलू उद्योग का हिस्सा सापेक्ष रूप से 1992–93 में 97 प्रतिशत से कम होकर 2000–01 में मात्र 55 प्रतिशत रह गया। यदि कोई पिछले 4 वर्षों पर विचार करे तो घरेलू उद्योग का हिस्सा 1997–98 में 77

प्रतिशत से कम होकर 2000–01 में 55 प्रतिशत रह गया । घरेलू उद्योग के बाजार के हिस्से में पूरे अंतिम दशक में वर्ष–दर–वर्ष निरन्तर गिरावट आई है।

(ix) जिन कारकों के कारण आयातों में वृद्धि हुई है, अन्य बातों के साथ–साथ 90 के दशक के मध्य में खाद्य तेलों के आयात से मात्रात्मक प्रतिबंध समाप्त करना, 1994–95 से 1999–2000 तक की अवधि के दौरान सीमा शुल्क को उत्तरोत्तर कम करके 65 प्रतिशत से 15 प्रतिशत करना शामिल हैं। भारत एक अत्यधिक मूल्य संवेदी बाजार है। जब शुल्क की दरें कम हो गई तो आयात घरेलू वनस्पति तेल उद्योग के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हो गए और आयातों में 1994–95 और 1999–2000 के बीच कई गुणा वृद्धि हुई। अकेले वर्ष 1998–99 में आयातों की मात्रा वर्ष 1997–98 में मात्र 20.8 लाख मी. टन की तुलना में दोगुना बढ़कर 43.9 लाख मी.टन हो गई। सीमा शुल्क टेरिफों में कमी के साथ–साथ खाद्य तेलों की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतें पिछले तीन वर्षों (अक्तूबर, 1998–नवम्बर–1999 से अक्तूबर 2000–नवम्बर, 2001 तक) में नाटकीय रूप से कम हुई। भारत सरकार ने सीमा शुल्क टैरिफ में वृद्धि करके इस खतरनाक प्रवृत्ति का जवाब दिया। दिसम्बर, 1999 में उसने दरों को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया। नवम्बर, 2001 में टैरिफ में पुनः वृद्धि करके 35 प्रतिशत से 65 प्रतिशत कर दिया गया। तथापि, सीमा शुल्क टैरिफ में वृद्धि अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के अनुरूप नहीं थी। सीमा–शुल्क टैरिफ में वृद्धि के बावजूद आयातों में निरन्तर कमिक वृद्धि होती रही। मांग से अधिक वैश्विक आपूर्ति ने भी अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में पर्याप्त मूल्यह्रास में योगदान दिया।

(x) घरेलू उद्योग लगभग 25 प्रतिशत से 30 प्रतिशत क्षमता का उपयोग कर रहा है। खाद्य वनस्पति तेलों की अल्प भंडारण आयु होती है। बेची गई मात्रा और उत्पादित मात्रा के बीच कोई अधिक अन्तर नहीं है। इसलिए स्वयं उत्पादन आंकड़े घरेलू बिक्री के निष्पक्ष रूप से उत्तम सूचक हैं। इसके अतिरिक्त बिक्री की मात्राओं के संबंध में कोई विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं होने के कारण उत्पादन मात्राओं को ही बिक्री की मात्राओं के रूप में लिया गया है।

(xi) घरेलू उद्योग की बिक्री 1998–99 में 69.1 लाख मी.टन से कम होकर 2000–01 के दौरान 58.1 लाख मी.टन रह गई है। घरेलू बिक्री की कीमतें अत्यधिक कम हो गई हैं। वस्तुतः वर्ष 2000 के लिए मुम्बई के बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों की वार्षिक औसत कीमतें 1991 की कीमतों से काफी कम रही थी। जब पिछले दशक में सभी अन्य वस्तुओं की कीमतें आकाश को छू रही थी तो केवल खाद्य तेलों की कीमतों में प्रतिकूल रूख रहा और इसमें अत्यधिक गिरावट आई। यदि यह कीमतें थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार होती तो कीमतों का वर्तमान स्तर बहुत अधिक रहता। मूंगफली तेल के अतिरिक्त वनस्पति तेलों की वार्षिक औसत कीमतों में पिछले दस वर्षों के दौरान बहुत अधिक कमी आई है। वास्तव में 10 वर्षों की औसत कीमतें भी वर्ष 2000 के वार्षिक औसत मूल्य से बहुत अधिक है। घरेलू उद्योग की प्रति इकाई वसूली

के अनुसार भी यह कीमतें उन कीमतों से बहुत कम है जो 10 वर्ष पहले थी। इससे कीमत में अत्यधिक कमी प्रत्यक्ष है। कीमतों में ऐसा ह्रास केवल तभी हुआ जब विदेशी आयातों की कीमतें कम रही। अन्यथा, वार्षिक औसत कीमतें 10 वर्ष की औसत कीमतों की तुलना में इतनी कम नहीं हुई होती। आयात कीमतें घरेलू कीमतों की तुलना में बहुत ही कम हैं जिसने घरेलू उद्योग की कीमतों के स्वयं विनाशकारी स्तर पर प्रचालन करने के लिए बाध्य किया है।

(xii) तेल मिलों और साल्वेंट एक्सट्रेक्शन यूनिटों के लिए क्षमता उपयोग मात्र 25 प्रतिशत से 30 प्रतिशत है। इतना कम क्षमता उपयोग घरेलू बाजार में व्याप्त बहुत कम वनस्पति तेल कीमतों के कारण है। क्योंकि वनस्पति तेल की कीमतें बहुत कम हैं इसलिए तेल उद्योग तेल बीज उत्पादकों की लाभकारी कीमतों का भुगतान करने की स्थिति में नहीं है। तेल बीज कीमतें बहुत कम स्तरों पर रही हैं, अनेक मामलों में यह कीमतें सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से भी कम रही । चूंकि तेल बीजों से लाभकारी कीमतें प्राप्त नहीं होती है इसलिए किसान दूसरी फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। देश में तेल बीज का कुल उत्पादन 1998–99 में 247.7 लाख मी. टन से घटकर वर्ष 2000–01 में 182 लाख मी.टन रह गया है जिसमें मात्र 2 वर्षों में 26 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। तेल–बीज के कम उत्पादन के परिणामस्वरूप कसिंग और एक्सट्रेक्शन के लिए कम तेल बीज उपलब्ध होते हैं जिसके कारण घरेलू उद्योग बहुत कम क्षमता उपयोग के स्तरों पर परिचालन के लिए बाध्य हो जाता है। इस त्रुटिपूर्ण आंतरिक उत्तरोत्तर कमी से घरेलू बाजार की मात्रा निरंतर सिकुड़ती जा रही है। वह दिन दूर नहीं है जब घरेलू उद्याद्ये इस कमी के आंतरिक छोर पर पहुंच जाएगा और उसका भविष्य में अस्तित्व नहीं रहेगा। पहले ही 129 साल्वेंट एक्सट्रेक्शन यूनिटें बंद हो चुकी हैं। क्योंकि वह इतनी कम कीमतों और क्षमता उपयोग स्तरों पर विद्यमान नहीं रह सकी। लगभग 18,000 रोजगार वनस्पति तेल उद्योग में समाप्त हो गये हैं। वर्ष 2001–01 के दौरान बहुत सी और यूनिटें बंद हो गई है। सी.एम.आई.ई. के डाटाबेस के अनुसार भारतीय खाद्य तेल उद्योग की निवल बिक्री वसूली 1997–98 में 11,352.7 करोड़ रू0 से कम होकर 1998–99 में 10,792.4 करोड़ रू0 रह गई थीं जिसमें केवल एक वर्ष के भीतर 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई । प्रचालन लाभ 1997–98 में 205.5 करोड़ रू0 से कम होकर 1998–99 में 150.8 करोड़ रू0 रह गया है जिसमें मात्र एक वर्ष में 27 प्रतिशत की कमी हुई है। 1995–96 में 98.5 करोड़ रू0 के करोपरांत लाभ से यह वर्ष 1998–99 में 67.3 करोड़ रू0 के घाटे में चला गया । उक्त अवधि के दौरान करोपरांत लाभ 167 प्रतिशत कम हो चुका है। सकल नियत परिसंपत्तियां 1997–98 के अंत में 2525.6 करोड़ रू0 से कम होकर 1998–99 की समाप्ति पर 2136 करोड़ रू0 रह गई है। नियत परिसंपतियों का मूल्य 395.6 करोड़ रू0 (16 प्रतिशत) कम हो गया है। रोजगारों में कमी की अनुरूपता रहते हुए मजदूरी और वेतनों से संबंधित खर्च भी 1997–98 में 181.1 करोड़ रू0 से कम होकर 1998–99 में 168.7 करोड़ रू0 रह गया था।

(xiii) तेल बीजों का कम उत्पादन भी एक ऐसा कारक है जिस पर पूर्णरूपेण विचार किये जाने की आवश्यकता है। टुकड़ों में विभाजित जोतों के कारण भारत में प्रति हेक्टेयर उपज भी बहुत कम है। बुनियादी संरचना में सुधार करने और संभवतः किसानों से तेल बीज की खेती अधिक भूमि में करने का आग्रह करने के अलावा किसी समस्या का समाधान करने का दीर्घकालिक समाधान नहीं है। मुख्य प्रेरणादायक कारकों में किसानों के लिए काफी लाभदायक कीमत शामिल है जो आज उन्हें प्राप्त नहीं हो रही है।

(xiv) उन्हें निर्यातक देशों की सरकारों द्वारा निर्यातक को दी गई सब्सिडियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें निर्यातकों द्वारा अपनाई गई पाटन प्रथाओं, यदि कोई हो, के बारे में भी कोई सूचना नहीं है। उन्होंने प्रति संतुलनकारी शुल्कों और पाटनरोधी शुल्कों का अनुरोध करते हुए भी कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है।

(xv) खाद्य तेलों का आयात पिछले कुछ वर्षों के दौरान प्रत्यक्ष रूप से कई गुना बढ़ गया है जो खाद्य तेलों के आयातों पर से मात्रात्मक प्रतिबंध हटाने, सीमा शुल्क टैरिफ में 15 प्रतिशत के स्तर पर बहुत ही कमी हालांकि सरकार मुख्य तेलों के आयात पर 300 प्रतिशत तक लेवी लगा सकती थी, सोयाबीन तेल पर 45 प्रतिशत तक बाध्यकारी टैरिफ के लिए भारत की डब्ल्यू.टी.ओ. के प्रति वचनबद्धता और रेपसीड तेल के लिए 75 प्रतिशत की वचनबद्धता के परिणामस्वरूप है। सोयाबीन तेल का आयात 1996–97 में 0.46 लाख मी.टन से अत्यधिक बढ़कर 2000–01 में 14.15 लाख मी.टन हो गया जिसका मुख्य कारण बहुत कम बाध्यकारी टैरिफ है। रेपसीड तेल के आयात में 1996–97 में 27,000 मी.टन से वृद्धि होकर 1999–2000 में 1,01,569 मी.टन हो गया और 2000–01 में घटकर 35,969 मी.टन रह गया। निम्नलिखित असंभावित घटनाएं जिनका अनुमान भारत डब्ल्यू.टी.ओ. के अंतर्गत अपनी जिम्मेदारियों की वचनबद्धता देते समय नहीं लगा सका, इस प्रकार है: खजूर के तेल के बड़े आयात जिसका भारत में उत्पादन नहीं होता है। तथापि, खजूर तेल की कीमतें मूंगफली के तेल, सोयाबीन के तेल आदि जैसे मृदु तेलों की तुलना में कम हैं। भारत अत्यधिक कीमत संवेदी बाजार है और इसमें खपत के तरीके बहुत शीघ्रता से बदलते हैं। बहुत से भारतीय परिवारों की रसोईयों में पामआयल ने अन्य पारम्परिक मृदु तेलों का शीघ्रता से स्थान ले लिया।

(xvi) वैश्विक वनस्पति तेल की कीमतें मांग से अधिक आपूर्ति के कारण 28 प्रतिशत से 64 प्रतिशत तक कम हुई, कम अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के कारण भारतीय घरेलू कीमतें कम करनी पड़ी जिसके कारण कीमत में खतरनाक स्तरों तक कटौती, कमी और ह्रास करना पड़ा, वनस्पति तेलों की कम घरेलू कीमतों के कारण तेल के बीजों की कीमतें कम हुई, बहुत से मामलों में वनस्पति तेल की कीमतें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम बिक्री मूल्य से भी कम चली गई, तेल–बीजों के कम उत्पादन के कारण तेल क्रसिंग और एक्सट्रेक्टिंग उद्योग में क्षमता का कम उपयोग हुआ, छोटी सी अवधि में 129 वनस्पति तेल यूनिटों से अधिक यूनिटें बंद हो गई जिसके परिणामस्वरूप 18,000

से अधिक लोगों को रोजगार का नुकसान हुआ। भारतीय वनस्पति तेल बाजार का हिस्सा 1997 में 88.7 लाख मी. टन से बढ़कर 2000–01 में 106.4 लाख मी.टन हो गया। तथापि, इस प्रकार विस्तृत होते बाजार में घरेलू उद्योग का हिस्सा 1997–98 में 77 प्रतिशत से कम होकर 2000–01 में 55 प्रतिशत रह गया । इतनी अधिक बढ़ती हुई मात्रा में आयात हुये हैं जिनसे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति पहुंची है। घरेलू उद्योग की बिकी प्राप्ति कम हो गई है। उद्योग ने 1995–96 में 98.5 करोड़ रू0 का करोपरांत लाभ अर्जित किया। परन्तु, बढ़े हुए आयातों के कारण मूल्य में कटौती करने की वजह से उद्योग को वर्ष 1998–99 में 67.3 करोड़ रू0 का घाटा हुआ। चूंकि घरेलू तेल बीज की कीमतें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम बिक्री मूल्य के समान अथवा उनसे कम चल रही है।, इसलिए निवेश कीमतों में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है, इसलिए बिकी वसूलियों में कमी के कारण धीरे–धीर घाटे हो रहे हैं जिनका प्रत्यक्ष कारण बढ़े हुए आयातों की वजह से मूल्य में कटौती करना है।

(xvii) खाद्य श्रेणी के वनस्पति तेलों में सोयाबीन तेल, रेपसीड तेल, मूंगफली का तेल, खजूर का तेल आदि जैसे विभिन्न तेल शामिल हैं। एक किस्म की कीमतें दूसरी किस्मों से स्पष्ट रूप से भिन्न हैं। रक्षोपाय शुल्कों की एक एकीकृत दर संभवतः उपयुक्त नहीं हो सकती। प्रत्येक प्रकार के वनस्पति तेल के लिए अलग दर निर्धारित करना भी संभव नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया है कि कुछेक मुख्य तेलों के संबंध में रक्षोपाय शुल्क की अलग–अलग दरें और अन्य प्रकार के सभी तेलों के लिए एक सामान्य अधिमानी दर निर्धारित की जा सकती है।

(xviii) रक्षोपाय शुल्क का अनुरोध अन्य देशों से बढ़े हुए आयात के कारण घरेलू वनस्पति तेल उद्योग को हुई गंभीर क्षति को रोकना है। वर्तमान वित्तीय संकट से घरेलू उद्योग को उबारने में सहायता करने की भी आवश्यकता है जिससे इसकी विद्यमानता को गंभीर खतरे की संभावना है। एक बार रक्षोपाय शुल्क लग जाने पर आयात कीमतें बढ़ जाएंगी। आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती नहीं होगी और इसलिए घरेलू वनस्पति उद्योग अपने उत्पादों के लिए उचित मूल्य प्राप्त करने की स्थिति में होगा। तेल उत्पादकों की उचित कीमत से तेल–बीज के विनिर्माताओं को भी उचित कीमत प्राप्त होगी। इसके बदले तेल की खेती की जमीन के संबंध में बढ़ोतरी होगी जिसके परिणामस्वरूप तेल बीजों का अधिक उत्पादन होगा, तेल का अधिक उत्पादन होगा और घरेलू वनस्पति तेल उद्योग स्वस्थ और मजबूत हो जाएगा। ऐसा मजबूत खाद्य तेल उद्योग आयात के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अधिक बेहतर स्थिति में रहेगा। रक्षोपाय शुल्क 4 वर्ष की अवधि के लिए लगाने हेतु अनुरोध किया गया है। इसका प्रयोजन भारत में पीड़ित वनस्पति तेल उद्योग को मजबूत करना है। यह सुदृढ़ीकरण एक अथवा दो वर्ष में पूरा नहीं हो सकता। एक मजबूत घरेलू उद्योग को अच्छी गुणवत्ता के तेल–बीजों की आवश्यकता है जिसके बदले तेल–बीजों की खेती के अंतर्गत अधिक भूमि क्षेत्र की जरूरत है। इस उद्देश्य के लिए तेल–बीजों के लिए उचित न्यूनतम बिक्री के रूप में सरकार का हस्तक्षेप और तेल बीज उत्पादन के

लिए अनेक प्रोत्साहनों की भी आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, तेल बीज की खेती के अंतर्गत आने वाले भूमि क्षेत्र में एक रात में वृद्धि नहीं की जा सकती। मौजूदा फसलों के उत्पादन का चक्र पूरा होने के बाद ही तेल–बीज उगाने के लिए भूमि का प्रयोग किया जा सकता है। इस परिवर्तन के लिए समय की आवश्यकता है। इसलिए भारतीय घरेलू उद्योग को आयात के संबंध में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए न्यूनतम 4 वर्ष की आवश्यकता होगी। यदि कोई संरक्षण उपाय नहीं किये जाते हैं तो और अधिक घरेलू यूनिटें बंद हो जाएंगी। हजारों कामगार अपना रोजगार और आजीविका खो देंगे। इसलिए शीघ्रता से अनंतिम रक्षोपाय शुल्क लगाये जा सकते हैं।

(xix) वनस्पति तेल उद्योग अपने आप में अद्वितीय है। यह अत्यधिक विखंडित है और इसके अधिकांश सदस्य असंगठित क्षेत्र मे हैं। इतनी अधिक संख्या में लघु यूनिटों के एक साथ आने और इस बात का विवरण देने कि उनमें से प्रत्येक को अपनी प्रतिस्पर्धा में सुधार करने के लिए क्या करना होगा, की कल्पना नहीं की जा सकती। उनमें से अधिकांश आजीविका का उपार्जन करने वाला होने के कारण अर्थात् वे अपने मिलों में काम करते हैं और अपनी आजीविका अर्जित करते हैं, उनकी लागतें न्यूनतम हैं और अपने कार्य–कलापों की पुनर्संरचना करने के लिए उनकी योग्यता अपेक्षाकृत बहुत ही सीमित है। वह अपना उत्पादन बढ़ाएंगे अर्थात् उत्पादित तेल की मात्रा में वृद्धि करेंगे और क्षमता के अधिक उपयोग से उनके राजस्व में तथा उनके कारोबार में भी वृद्धि होगी।

(xx) उन्होंने सुझाव दिया है कि भारत सरकार को भी निम्नलिखित पर विचार करना चाहिए:

(क) गेहूँ तथा चावल उत्पादन के बदले विविध तेल बीजों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना।

(ख) तेल बीज तथा तेल विकास कोष की स्थापना ।

(ग) खजूर बागान को प्रोत्साहित करना।

(घ) तेल बीजों तथा इसके व्युत्पत्तियों को बिक्री–कर से छूट प्रदान करना।

(ङ) तेल बीजों के आयात को सीमाशुल्क के रियायती दर पर आयात करने की अनुमति।

(च) खाद्य चावल की भूसी का खाद्य तेल के उपयोग को लोकप्रिय बनाना।

(xxi) तेल की कीमतें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में स्थिर होती हैं। घरेलू तेल की कीमतें तेल उत्पादक और तेल बीज उपभोक्ताओं की योग्यता पर ही निर्भर नहीं करती बल्कि प्रकृति की स्थिति पर भी निर्भर होती हैं। उदाहरण के लिए यदि अकाल पड़ जाए तो तेल–बीज का उत्पादन गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है और तेल बीजों के मूल्य में बहुत अधिक वृद्धि हो सकती है । इन परिस्थितियों में वनस्पति तेल उद्योग के लिए एक नियत शुल्क की यथामूल्य दर उपयुक्त नहीं हो सकती।

इसलिए यह प्रस्ताव किया गया है कि रक्षोपाय शुल्क की एक परिवर्तनीय शुल्क के रूप में निर्धारित किया जा सकता है। शुल्क की मात्रा किसी नियत संदर्भ कीमत अथवा घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित गैर क्षतिकारक कीमत और प्रत्येक परेषण के सीआईएफ आयात मूल्य के बीच का अंतर होगा। यदि सीआईएफ कीमत संदर्भ कीमत से कम है तो दोनों के बीच के अंतर को रक्षोपाय शुल्क के रूप में लगाया जाएगा। यदि सीआईएफ कीमत संदर्भ मूल्य के बराबर अथवा अधिक है तो कोई रक्षोपाय शुल्क नहीं लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आयात विभिन्न भागों में हो रहे हैं और इनमें अनेक आयातक, तेलशोधक, वनस्पति विनिर्माता आदि शामिल हैं। इस समय आयात मुक्त है और मात्रा/ सरणीकरण आवश्यकताओं आदि पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वर्तमान परिदृश्य और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि आयात अनेक पत्तनों पर और अनेक व्यक्तियों द्वारा किये जाते हैं इसलिए मात्रा पर आधारित कोई प्रतिबंध वनस्पति तेल उद्योग के लिए उचित नहीं होगा और यह प्रशासनिक रूप से व्यवहारिक नहीं हो सकता। ऐसे प्रतिबंध प्रयोक्ताओं और सामान्य उपभोक्ताओं के सर्वोत्तम हित में भी नहीं हो सकते। रक्षोपाय शुल्क लगाने के दूसरे और तीसरे वर्षों में संदर्भ कीमत को उत्तरोत्तर कम करके अगले तीन वर्षों में रक्षोपाय शुल्क प्रगामी रूप से कम किए जा सकते हैं।

ग. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार:

संक्षेपण की दृष्टि से निर्यातक सरकारों, निर्यातकों, विदेशी एसोसिएशनों, भारतीय एसोसिएशनों, वनस्पति विनिर्माताओं, तेल शोधकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे वार निवेदनों पर ध्यानपूर्वक विचार किया गया है और निम्नलिखित निष्कर्षों में उनका संपेक्षण किया गया है।

निष्कर्ष

मैंने आवेदकों, प्रयोक्ताओं, आयातकों, निर्यातकों और निर्यातक सरकारों द्वारा भेजे गये उत्तरों और मामले के रिकार्डों की ध्यानपूर्वक जांच की है। विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत निवेदनों और उनसे उत्पन्न हुए मुद्दों पर आवश्यक सीमा तक जांच परिणामों में उचित स्थानों पर कार्यवाही की गई है।

जांचाधीन उत्पाद

जांचाधीन उत्पाद वनस्पति तेल (खाद्य श्रेणी) है। वनस्पति तेल (खाद्य श्रेणी) को सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 और समेकीकृत वस्तु विवरण तथा कूटबद्ध प्रणाली (आईटीसी) पर आधारित भारतीय व्यापार वर्गीकरण की पहली अनुसूची के अंतर्गत निम्न प्रकार वर्गीकृत किया गया है। तथापि, सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 और भारतीय व्यापार वर्गीकरण के अंतर्गत किया गया वर्गीकरण सुविधा के प्रयोजन के लिए

किया गया है और जांचाधीन उत्पाद की व्याप्ति को किसी प्रकार कसे प्रतिबंधित नहीं करता है।

शीर्षक		विवरण
15.07		**सेयाबीन तेल**
	1507.10	कच्चा तेल, चाहे गोंद रहित हो अथवा नहीं
	1507.90	अन्य
15.08		**मूंगफली का तेल**
	1508.10	कच्चा तेल
	1508.90	अन्य
15.11		**खजूर का तेल (पामोलिन भी शामिल है)**
	1511.10	कच्चा तेल
	1511.90	अन्य
15.12		**सूर्यमुखी बीज** तेल **अथवा सूरजमुखी (कर्दी)** तेल
	1512.11	कच्चा तेल
	1512.19	अन्य
15.12		**बिनौले का** तेल
	1512.21	कच्चा तेल, चाहे गोसीपोले हटाए गए हों अथवा नहीं
	1512.29	अन्य
15.13		**नारियल तेल**
	1513.11	कच्चा तेल
	1513.19	अन्य
15.13		खजूर की गुठली अथवा बाबासू तेल
	1513.21	कच्चा तेल
	1513.29	अन्य
15.14		**रेप, कोलजा अथवा सरसों का** तेल
		कम यूरूसिक अम्ल रेप अथवा कोलजा तेल
	1514.11	कच्चा तेल
	1514.19	अन्य
		अन्य
	1514.91	कच्चा तेल
	1514.99	अन्य
15.15		**अन्य जमे हुए वनस्पति वसा और तेल**
	1515.50	तिल तेल
	1515.90	अन्य

घरेलू उद्योग

वनस्पति तेल (खाद्य ग्रेड) पर रक्षोपाय शुल्क लगाने हेतु यह आवेदन द साल्वेन्ट एक्स्ट्रेक्टर एसोसिएशन ऑफ इंडिया मुम्बई (एस ई ए आई) द्वारा दायर की गई। कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि एस इ ए आई घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। विभिन्न पक्षकारों द्वारा एस ई ए आई की वास्तविक क्षमता तथा वनस्पति तेल के उत्पादन से संबंधित एक प्रमुख मुद्दा उठाया गया है। यह बताया गया है कि एस ई ए आई के पास घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन दायर करने का कोई आधार नहीं है। यह तर्क दिया गया है कि रक्षोपाय करार के तहत क्षति अथवा उसके खतरे के निर्धारण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के बारे में यह माना जाता है कि घरेलू उद्योग का तात्पर्य किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य के क्षेत्र के भीतर प्रचालनरत समान अथवा प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पाद के समग्र उत्पादकों से है अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका समान वस्तु अथवा प्रत्यक्ष प्रतिदर्शी उत्पाद का सामूहिक उत्पादन इन उत्पादों के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है। इस प्रकार, रक्षोपाय का उपयोग या तो उस स्थिति में किया जा सकता है जब समान अथवा प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पादों के समग्र उत्पादकों को गंभीर क्षति होती है अथवा उसका खतरा उत्पन्न होता है या फिर उस स्थिति में प्रयोग किया जा सकता है जब उन उत्पादकों, जिनका समान अथवा प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पाद का सामूहिक उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है, को गंभीर क्षति होती है अथवा क्षति का खतरा उत्पन्न होता है। एस इ ए आई जो अपने सदस्यों के साथ वनस्पति तेल के कुल घरेलू उत्पादन के केवल 25 प्रतिशत का विनिर्माण करती है, घरेलू उद्योग नहीं है और इस प्रकार वह ऐसा कोई आवेदन करने की पात्र नहीं है । यह बताया गया है कि विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार एस इ ए आई मात्रा के अनुसार घरेलू तिलहन संस्करण के 37 प्रतिशत से कम का उत्पाद करता है; 20,000 " लघु निजी एक्सपेलर " उत्पादन के लगभग 62 प्रतिशत का प्रसंस्करण करते हैं जबकि 130,000 "घानियों " का हिस्सा कुल उत्पादन का मात्र 1 प्रतिशत बनता है। एस इ ए आई का उसके इन सदस्यों के बीच कोई हिस्सा नहीं है। एस ई ए आई एक ऐसा सदस्य संगठन है जिसकी सदस्यता में भारत के कुल वनस्पति तेल, बीजों के प्रसंस्करणकर्ताओं की एक छोटी संख्या शामिल है। 27 फरवरी 2002 को मुम्बई में इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ सीड क्रशर डेलीगेशन को प्रस्तुत किए गए एस ई ए आई के आंकड़ों से यह पता चलता है कि उनके सदस्यों के लगभग 15,000 तेल मिलों में से केवल 100 मिल हैं, 600 साल्वेन्ट एक्सट्रेक्टरों में से 354, 400 रिफाइनरियों में से 193 और भारत में इनकी कोई घानी (पारंपरिक क्रशर) नहीं है। प्रतिष्ठानों की संख्या के आधार पर एस ई ए आई घरेलू उद्योग के एक छोटे से हिस्से का ही प्रतिनिधित्व करती है इस प्रकार इस बात पर ध्यान न देते हुए कि आंकड़े इस प्रकार तैयार किए गए हैं, एस ई ए आई वनस्पति तेल के कुल घरेलू उत्पादन के केवल एक छोटे से हिस्से का प्रतिनिधित्व

करती है। घरेलू उत्पादन में एस ई ए आई का हिस्सा कुल घरेलू बाजार हिस्से से काफी कम है जिसे घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व माना जाता है। यह मानते हुए भी कि एस ई ए आई के पास अपने खुद के सदस्यों के भरोसे मंद आंकड़े हैं, यह संदेहास्पद न होते हुए अस्पष्ट जरूर है कि एस ई ए आई के पास ऐसी हजारों कंपनियों में से कई के वित्तीय वितरण, उत्पादन एवं संबद्ध आंकड़े उपलब्ध हैं, जो एस ई ए आई की सदस्य नहीं हैं और जिनकी सूचना क्षति के मुद्दे पर विचार करते समय महत्वपूर्ण है।

आवेदक ने स्वीकार किया है कि घरेलू उद्योग की क्षति के निर्धारण हेतु भी बड़े हिस्से के उत्पादन से संबंधित नियम लागू होगा और उन्होंने आगे यह उल्लेख किया है कि रक्षोपाय करार में घरेलू उद्योग की क्षति अथवा उसके खतरे के निर्धारण के संदर्भ में परिभाषित किया गया है और न कि याचिका दायर करने के संदर्भ में। याचिका दायर करने में अथवा महानिदेशक द्वारा जांच शुरू करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है।

अन्य हितबद्ध पार्टियों द्वारा किए गए अनुरोध

हितबद्ध पार्टियों खासकर निर्यातकों/निर्यातक देशों की सरकारों तथा वनस्पति विनिर्माताओं/एसोसिएशनों ने इस तर्क के अतिरिक्त कि एस ई ए आई के पास आवेदन दायर करने का कोई आधार नहीं है, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित आधार पर रक्षोपाय शुल्क लगाने का विरोध किया है :-

(i) एस ई ए आई द्वारा रखे गए आंकड़ा आधार की विश्वसनीयता संदेहास्पद प्रतीत होती है।

(ii) सरकार ने दालों और तिलहनों की न्यूनतम समर्थन कीमत गेहूं और धान की कीमत की तुलना में काफी अधिक बढ़ा दी है। आवेदकों का यह तर्क कि धान एवं गेहूं की उच्चतर न्यूनतम समर्थन कीमत के कारण तिलहन की खेती के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में कमी आ रही है, पूर्णतः गलत और आधारहीन है। किसानों को तिलहनों की खेती के अंतर्गत अधिक से अधिक क्षेत्र लाने के प्रति हतोत्साहित करने का एकमात्र कारण प्रति हेक्टेयर कम पैदावार तथा प्रति हेक्टेयर कम प्राप्ति रहा है न कि तिलहनों की उच्चतर समर्थन कीमत।

(iii) जहां तक कीमत रूझान का संबंध है कोई भी जीन्स खासकर खाद्य तेल जैसी मद, जिसका उत्पादन काफी हद तक प्रकृति पर निर्भर होता है, वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में कीमतों में चल रहे वैश्विक रूझान से अछूती नहीं रह सकती। यदि विश्व उत्पादन और आपूर्ति अधिक है तो कीमतें अनिवार्यतः कम रहती हैं और कम उत्पादन के वर्ष में कीमतें अधिक रहती हैं।

(iv) भारत के तिलहन उत्पादन में वर्ष दर वर्ष और फसल दर फसल व्यापक घट बढ़ का पता चलता है। उत्पादन प्रत्येक वर्ष के लक्ष्यों की तुलना में हमेशा कम रहा है। इस कमी को अतिरिक्त आयातों के जरिए पूरा करना जरूरी होता है।

(v) सरकार को भी तिलहन उत्पादन में कमी की जानकारी है और वह उत्पादन को बढ़ाने के हर संभव प्रयास कर रही है। जैसाकि संसदीय कार्यवाहियों से स्पष्ट होगा जिनमें यह उल्लेख किया गया है कि खाद्य तेलों के आयात की जरूरत मांग और आपूर्ति में अंतर के कारण होती है और आयातों से तिलहन का उत्पादन प्रभावित नहीं होता है।

(vi) एसईएआई के आंकड़े आयात संबंधी आंकड़ों को छोड़कर विश्वसनीय प्रतीत नहीं होते और घरेलू उत्पादकों की विभिन्न श्रेणियों की स्थापित क्षमता के समर्थन में आवेदन के साथ कोई विशिष्ट स्त्रोत उपलब्ध नहीं किया गया है। यह ऐसा मामला है जिसमें क्षति स्वयं पहुंचाई गई है जिसके लिए रक्षोपाय महानिदेशालय निवारण का मंच नहीं बन सकता। अतिरिक्त क्षमता रखने वाले एककों के बंद होने से वस्तुतः क्रशिंग/एक्सट्रेक्शन एककों को अपनी आय बढ़ाने में स्वतः मदद मिलेगी। मौजूदा परिस्थितियों में किसी भी रक्षोपाय से उनकी स्थिति में सुधार नहीं आ सकता।

(viii) अनुरोध है कि खाद्य वनस्पति तेलों के आयातों में समग्र रूप में और घरेलू उत्पादन की तुलना में वृद्धि हुई है। यह अत्यंत अजीबोगरीब मामला है जिसमें घरेलू उत्पादकों ने तिलहनों की सीमित उपलब्धता के बारे में पूरी जानकारी होते हुए क्षतिग्रस्त होने के लिए अपनी क्षमताओं में वृद्धि की है।

(ix) अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में बाज़ार की स्थिति के परिणामस्वरूप गिरावट आई और इन्हें अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं द्वारा कम नहीं किया गया था। इस आशय का अन्यथा कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं ने जानबूझ कर कीमतें कम नहीं की हैं और उन्होंने बढ़ती हुई मांग जिसे पूरा करने में घरेलू उद्योग समर्थ नहीं था, को पूरा करने के लिए मांग की तुलना में अधिक वैश्विक आपूर्ति होने के कारण प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर खाद्य तेल की आपूर्ति की है।

(x) कम क्षमता उपयोग वनस्पति तेलों की कम कीमत के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सृजित की गई अतिरिक्त क्षमताओं और खाद्य तेलों की सीमित उपलब्धता के कारण हुआ है।

(xi) तिलहनों की कीमतों में हुई किसी वृद्धि से अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को प्रभावित किए बिना स्वदेशी खाद्य वनस्पति तेलों की कीमत में वृद्धि होगी जिससे आयात अधिक होंगे और इस प्रकार यह घरेलू उद्योग के लिए घातक होगा। एकमात्र निवारण तिलहनों की पैदावार को बढ़ाना है।

(xii) आयातों में बढ़ोतरी मांग में वृद्धि के कारण हुई और घरेलू उद्योग उसे पूरा करने में समर्थ नहीं रहा। रेपसीड ऑयल के आयातों में वृद्धि कुल आयातों की तुलना में नगण्य है सोयाबीन तेल के आयातों में वृद्धि खाना बनाने के एक माध्यम के रूप मे उसकी लोकप्रियता तथा अन्य मीठे तेलों की तुलना में उसकी कम कीमत के कारण हुई है। कुछ आयातों की होने वाली बढ़ोतरी का टैरिफ बाधाओं से कोई लेना देना नहीं होता है।

(xiii) वनस्पति अनेक तेलों का मिश्रण होने के कारण घरेलू उद्योग उत्पादन लागत को कम करने के लिए सस्ते से सस्ते खाद्य तेलों का उपयोग करता है। रेपसीड/

सरसों तेल को छोड़कर, जिसका प्रयोग वनस्पति तेल के विनिर्माण में प्रयुक्त तेलों के 30 प्रतिशत तक सीमित है, उद्योग को स्वदेशी रूप से उत्पादित समस्त वनस्पति तेलों तथा आयातित खाद्य तेलों का उपयोग करने की अनुमति है। वनस्पति तेल उत्पाद (विनियमन) आदेश, 1998 के अनुसार वनस्पति फैक्टरियों के लिए वनस्पति विनिर्माण में कम से कम 25 प्रतिशत स्वदेशी खाद्य तेलों का उपयोग करना अनिवार्य है। इस समय उद्योग औसतन 72 प्रतिशत आयातित खाद्य तेलों का उपयोग कर रहा है। चूंकि अपरिष्कृत पाम तेल उपलब्ध सबसे सस्ता आयातित तेल है इसीलिए यह उद्योग के लिए प्रमुख आयातित कच्ची सामग्री हैं अपरिष्कृत पाम तेल का आयात इंडोनेशिया और मलेशिया से किया जाता है। रक्षोपाय शुल्क के रूप मे किसी अतिरिक्त शुल्क से उद्योग के लिए कच्ची सामग्री की लागत में और अधिक वृद्धि होगी जिससे उद्योग के लिए कच्चे सामग्री की कमी पैदा हो जाएगी।

(xiv) चूंकि अपरिष्कृत पाम तेल अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में उपलब्ध सबसे सस्ती कच्ची सामग्री है इसलिए घरेलू उद्योग को भारत–नेपाल व्यापार संधि के तहत नेपाल से आयातित सस्ती वनस्पति से प्रतिस्पर्धा करने हेतु अपनी कच्ची सामग्री की लागत कम करने के लिए उसके आयात पर निर्भर होता है। अपरिष्कृत पाम तेल पर सीमाशुल्क को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जा चुका है जबकि सोयाबीन तेल के लिए यह 45 प्रतिशत है। कोई रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने से उपभोक्ताओं के लिए उक्त उत्पाद दुर्लभ बनने के अलावा उद्योग के लिए कच्ची सामग्री की लागत में वृद्धि हो जाएगी।

(xv) यह कहना अत्यंत गलत है कि घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति भारत में खाद्य तेल के आयात में वृद्धि होने के कारण हुई है। खाद्य तेल हर वर्ग के लोगों द्वारा उपभोग किए जाने वाला एक आवश्यक खाद्य पदार्थ है। हमारे देश में जहां अनेकों लोग भारी कुपोषण के शिकार हैं, खाद्य तेलों से अत्यधिक कैलोरी और पोषण मिलता है। सरकार ने यह स्वीकार किया है कि दालों,(उच्च प्रोटीन) और खाद्य तेलों के उपभोग से गरीब लोगों के लिए अत्यंत जरूरी पोषण सुरक्षा उपलब्ध होगी। संक्षेप में यही एक ऐसा कारण है जिसकी वज़ह से खुले सामान लाइसेंस के तहत आयात हेतु दालों एवं खाद्य तेलों की अनुमति दी जाती है।

(xvi) सामान्य रियायतों का लाभ उठाने तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कर लाभों के लिए ही ऐसे राज्यों में अनेक फैक्टरियां स्थापित की गई थीं जिनमें तिलहनों का कोई उत्पादन नहीं होता है। इन सबके परिणामस्वरूप पिछले दो दशकों में फैक्टरियों की बाढ़ आ गई है और इस प्रकार तिलहानों के उत्पादन की तुलना में अपनी क्षमताओं में भारी वृद्धि की है। तिलहन फसलें उनके (एस ई ए आई के)कम उत्पादन और कम लाभप्रदता की वज़ह नहीं है बल्कि इनकी वज़ह भारतीय औसत तिलहन उत्पादन की पूर्णतः अनदेखी करते हुए जान बूझकर क्षमता का अतिरिक्त विस्तार करना है।

(xvii)साल्वेन्ट एक्सट्रेक्शन उद्योग में पुरानी प्रौद्योगिकी प्रबंधकीय एवं प्रचालनात्मक अकुशलता, अप्रचलित संयंत्र एवं मशीनरी, अवसंरचनात्मक कमियां, अधिक क्षमता, पुरानी परिसंपत्ति, किसी क्षेत्र विशेष में एककों की बहुतायत तथा अनेक अंतर्निहित कमजोरियां हैं।

(xviii) वनस्पति निर्माताओं के लिए वनस्पति के विनिर्माण में कम से कम 25 प्रतिशत स्वदेशी तेलों का उपयोग करना आवश्यक होता है। इसके अलावा वनस्पति के विनिर्माण में 30 प्रतिशत तक एक्सपेलर सरसों तेल के अधिक उपयोग की भी अनुमति है।

(xix) भारत सरकार को उन डब्ल्यूटीओ निर्णयों का ईमानदारी से अनुपालन करने के लिए इस महत्वपूर्ण मामले में सावधानी बरतनी चाहिए जिनमें खासकर समूचे घरेलू उद्योग के बारे में आंकड़ों की पर्याप्तता, अपेक्षित कारणात्मक संबंध और "अप्रत्याशित स्थितियों " के बारे में विधिक मानक निर्धारित किए गए हैं। डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय ने यह निर्णय दिया है कि डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत उचित रक्षोपाय कार्रवाई में अप्रत्याशित घटनाओं को प्रदर्शित करने वाला निष्कर्ष शामिल होना चाहिए। अपीलीय निकाय की राय यह है कि रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 2.1 में निर्धारित तीनों शर्तों (अर्थात् संवर्धित आयात, गंभीर क्षति और दोनों कारकों के बीच कारणात्मक संबंध) के अलावा, कुछ "अप्रत्याशित घटनाओं" को "गैट, 1994 के अनुच्छेद xix के उपबंधों के सुसंगत लागू किए जाने वाले किसी रक्षोपायों के लिए मामले के तथ्य के रूप मे प्रदर्शित" किया जाना चाहिए।

